भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **959** जिसका उत्तर

मंगलवार, **11 फरवरी, 2025** (**22 माघ**, **1946** (शक)) को दिया जाना है

फ्लोटिंग जेट्टियों की स्थापना

959 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय देश के विभिन्न स्थानों पर फ्लोटिंग जेट्टी स्थापित करने की योजना बना रहा है;

(ख) क्या इनमें से कुछ जेट्टी मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मछली उतारने वाले केंद्रों के लिए हैं;

(ग) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में स्थापित की जाने वाली जेट्टियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इनसे मछुआरों को अधिक मछली पकड़ने में और कार्गो परिवहन को भी बढ़ावा देने में किस हद तक मदद मिलेगी?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क, ख और ग): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय भारत के विभिन्न स्थानों में फ्लोटिंग जेट्टियों को स्थापित करने को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इन पहलों का उद्देश्य फिशिंग गतिविधियों, पर्यटन और कार्गो परिवहन, दोनों के लिए अवसंरचना में वृद्धि करना है। फ्लोटिंग जेट्टियां संबंधी परियोजनाओं के चरण-। के तहत कार्यान्वयन हेतु कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुचेरी, आंध्र पद्रेश और केरल में कुल 50 स्थानों की पहचान की गई है इनमें से आंध्र पद्रेश में 12 स्थानों में मत्स्यन संबंधी फ्लोटिंग जेट्टियां है। इनका विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ): फ्लोटिंग जेट्टियों से मछुआरों और कार्गो परिवहन, दोनों को अत्यधिक लाभ हो सकता है। मछुआरों के लिए, वे अलग-अलग जल स्तरों में स्थिर डॉकिंग प्रदान करते हैं, जिससे साल भर जल तक पहुँच संभव होती है,

ज्वारभाटे के कारण डाउनटाइम कम होता है, और पकड़ी गई मछलियों को उतारने के लिए सुरक्षा और सुविधा में सुधार होता है। कार्गो परिवहन के लिए, फ्लोटिंग जेट्टी से विभिन्न आकार के जलयानों को समायोजित करने, पत्तन की क्षमता और दक्षता में वृद्धि करने और छोटे एवं बड़े दोनों पैमाने पर पोत परिवहन में सहायता करने में लचीलापन मिलता हैं। इस अवसंरचना से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिलता है, फिक्स्ड डॉक पर भीड़ में कमी आती है, तथा सुचारू, निर्बाध प्रचालन में सुगमता आती है।

अनुबंध

क्रम सं.	परियोजना का नाम	परियोजना लागत (करोड़ रु. में)
1	अंतर्वेदी पल्लीपालेम लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग सुविधाओं का सृजन,	9.57
2	आंध्र प्रदेश के बालासुतिप्पा फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग सुविधाओं का सृजन	22.29
3	बंडारुवानीपेटा फिश लैंडिंग सेंटर पर बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	28.7
4	भीमिली फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	22.5
5	दुगाराजपट्टनम फिश लैंडिंग सेंटर पर बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	19.67
6	भीमुलावरीपालेम फिश लैंडिंग सेंटर, आंध्र प्रदेश में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन – के संबंध में।	17.94
7	इड्डीवानीपालेम फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन,	32.26
8	लक्ष्मीपुरम फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	14.6
9	मुक्कम फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	35.02
10	एटिमोगा फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	16.21
11	कुंभाभिषेकम फिश लैंडिंग सेंटर में अतिरिक्त बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	73.39
12	मुत्यालम्मापलेम फिश लैंडिंग सेंटर में बर्थिंग और लैंड साइड सुविधाओं का सृजन	17.59
	कुल	**309.74**

*****